दिनांक 13 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने ली विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य की बैठक, विद्यालय में सुविधा बढ़ाने तैयार की जानी है कार्ययोजना, बेहतर विद्यालय बनाने के लिए शिक्षकों से भी ली राय

नगर निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्राचार्य के साथ महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने आज संयुक्त रूप से बैठक ली जिसमें आयुक्त एस.के. सुंदरानी , जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल भी उपस्थित रहे! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 27 स्कूलों के प्राचार्य आज महापौर कक्ष में स्कूलों को बेहतर , शिक्षा को बेहतर, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, भरे जाने वाले पदों की जानकारी , कार्यरत शिक्षक, स्वीकृत शिक्षक एवं रिक्त शिक्षक , स्कूल के भवनों की स्थिति, फर्नीचर की स्थिति, पेयजल की स्थिति, शौचालयों की स्थिति, स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या, विद्युत व्यवस्था की स्थिति, स्वच्छता संबंधी आदि विषयों पर चर्चा की गई! श्री देवेंद्र यादव ने उपस्थित सभी शिक्षकों से खुली चर्चा करने हेतु कहा तथा स्कूलों की समस्याओं से अवगत कराने चर्चा की जिस पर सुपेला की प्राचार्य ने बताया कि कन्या स्कूल सुपेला में पानी एवं शौचालय की समस्या है , सेक्टर 7 स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में सीवरेज की समस्या है , छावनी स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि आंधी तूफान से पोल गिर गया है , सुपेला स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि शौचालय का उपयोग बाहरी लोग करते हैं जिस पर श्री यादव ने कहा कि स्कूल खुलने से पहले गिरे हुए पोल को हटा लिया जाएगा तथा समय-समय पर पेट्रोलिंग के लिए पुलिस विभाग को पत्र लिखा जाएगा, आगे कहा कि मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर विद्यालयों में कार्य किया जाना है, शिक्षा उपकर से मिलने वाले राशि का उपयोग विद्यालयों को बेहतर करने के लिए किया जाएगा , 5000 रुपये इको क्लब के लिए तथा ₹15000 वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए विद्यालयों को प्रदाय किया जाएगा जिसका उपयोग विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर करने तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने की दिशा में किया जाना है!निगम के शिक्षा प्रभारी राव को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी भवन जर्जर अवस्था में उन सभी का सर्वे करावे! निगमायुक्त एसके सुंदरानी ने कहा कि जितने भी जर्जर भवन हैं उनकी सूची दे ताकि जल्द ही इसे बेहतर करने दिशा में आगे कार्य किया जा सके, स्कूलों की अद्यतन स्थिति की सूची प्राप्त होते ही छोटी-छोटी समस्याओं को भी व्यवस्थित करने का प्रयास जल्द ही करेंगे! जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने उपस्थित सभी प्राचार्य से कहा कि शासकीय स्कूलों के दीवारों में लिखे हुए विज्ञापन वाले वॉल पेंटिंग को हटवाए एवं उनकी जगह शिक्षाप्रद विज्ञापन लिखवाए! निगम के प्रभारी शिक्षा अधिकारी वाई राजेंद्र राव ने निगम की ओर से बनाए हुए कार्य योजना को बताया जिसने विद्यालयों में साधारण मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे, हरियाली लाने के लिए स्कूलों को पौधे भी प्रदाय करेंगे, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करेंगे एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधि को बढ़ाने के लिए भी प्रयास करेंगे! उपस्थित सभी प्राचार्य ने कहा कि यह एक बहुत अच्छा प्रयास है की सभी एक जगह पर एकत्रित होकर विद्यालयों को बेहतर करने विभिन्न विषयों पर चर्चा कर रहे हैं , इसी तरह संवाद बने रहने से निश्चित रूप से

विद्यालयों की स्थिति और बेहतर होगी, इसके लिए श्री यादव एवं श्री सुंदरानी को हम सभी धन्यवाद देते हैं! बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमपी शुक्ला , खुर्सीपार सेक्टर 11 स्कूल के प्राचार्य एमके साहू सहित 27 स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे!

जल है तो कल है   जल ही जीवन है!